पुरूष छात्रावास **डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय**

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार

**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow**

Divyangjan Empowerment Department, Govt. of Uttar Pradesh

Azadi Ka Amrit Mahotsav

पत्रांक :965/पु0छा0/डीएसएमएनआरयू/2025—26 दिनांक 22 दिसम्बर, 2025

# //सूचना//

एततद्वारा विश्वविद्यालय के पुरूष छात्रावास में आवासित होने के इच्छुक पुरातन एवं नवीन दिव्यांग एवं गैर दिव्यांग छात्रों को सूचित किया जाता है कि ऐसे समस्त छात्र जिन्हे छात्रावास आवंटित नहीं हुआ है, वे सभी छात्रावास आवंटन के लिए URL **dsmru.samarth.ac.in** के माध्यम से login करने के उपरान्त Service Tab में जाकर अपना पुनः नवीन पंजीकारण करना सुनिश्चित करें। छात्रावास कक्ष आंवटन हेतु समर्थ पोर्टल के माध्यम से **दिनाँक— 23.12.2025 से 26.12.2025** तक आवेदन व्यवहरित किये जाएँगे।

पुरूष छात्रावास में कक्ष आवंटन हेतु प्राप्त समस्त आवेदन पत्रों को समिति द्वारा परीक्षण करने के उपरान्त उचित पाये जाने तथा निम्न वर्णित उपबन्धों को पूरा करने वाले छात्रों को ही कक्ष आवंटन पर विचार किया जायेगा।

1. आवेदक को स्वरोजगार, पूर्णकालिक, अंशकालिक, तदर्थ अथवा अस्थायी आधार पर कहीं भी कार्यरत् नहीं होना चाहिए।
2. आवेदक के द्वारा पूर्व में समान स्तर/समकक्ष स्तर के पाठ्यक्रम के लिए छात्रावास सुविधा का लाभ नहीं उठाया गया हो।
3. आवेदक ने विश्वविद्यालय के छात्रावास में सात वर्ष पूर्ण नहीं किए हों, साथ ही उसके परीक्षाओं में अर्जित अंक 50% से कम नहीं होने चाहिए।
4. ऐसे आवेदक को प्रवेश नहीं दिया जायेगा जिसका कोई अपराधिक रिकार्ड हो या जिसके विरूद्ध विश्वविद्यालय के विभाग/छात्रावास प्रशासन द्वारा कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही की गयी हो।

शैक्षणिक सत्र 2025—26 हेतु पुरूष छात्रावास में कक्ष आवंटन हेतु आनॅलाइन आवेदन करने के दौरान निम्न अभिलेखों को चुनकर अपलोड किया जाना अनिवार्य है।

1. पूर्व सत्र का अंक पत्र (अनिवार्य रूप से)।
2. शपथ—पत्र (अनिवार्य रूप से)। (प्रारूप संलग्न)
3. स्वास्थ्य प्रमाण—पत्र (अनिवार्य रूप से)। (प्रारूप संलग्न)
4. निवास प्रमाण—पत्र (अनिवार्य रूप से)।
5. दिव्यांगता प्रमाण—पत्र (केवल दिव्यांग छात्र हेतु)।

**(प्रो0 वीरेन्द्र सिंह यादव)**
चीफ प्रोवोस्ट, छात्रावास

प्रतिलिपि—: निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः—

1. वैयक्तिक सहायक, कुलपति महोदय को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. अधिष्ठाता छात्र—कल्याण, विश्वविद्यालय।
5. सिस्टम एनालिस्ट, विश्वविद्यालय को वेबासाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
6. ब्लॉक—01 एवं ब्लॉक—02 के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किए जाने हेतु।

22/12/2025

**(प्रो0 वीरेन्द्र सिंह यादव)**
चीफ प्रोवोस्ट, छात्रावास